संक्षिप्त

विकास कार्यों का लोकार्पण

मालपुरा (निस)। मालपुरा विधानसभा क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में बुधवार को विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने नौ करोड की लागत के विकास कार्यो के शिलालेखों का लोकार्पण करते हुए क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात दी। देशमा ग्राम पंचायत मे 6 करोड रूपयो की लागत से डामरीकरण सडक सहित विभिन्न विकास कार्यो के शिलालेखो का लोकार्पण किया गया। चावण्डिया ग्राम पंचायत मे सीसी सडक,विद्यालय की चार दिवारी,नाला निर्माण,श्मशान घाट की चार दिवारी व टीनशेड, सार्वजनिक विश्राम स्थली,सहकारी भवन निर्माण व चार दिवारी निर्माण, राजकीय पशु उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण, यात्री प्रतीक्षालय सहित कुल 3 करोड के विकास कार्यो का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह मे मौजूद ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए विधायक चौधरी ने कहा कि प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद उन्होने अथक प्रयासो से विधानसभा क्षेत्र मे विकास कार्य करवाये है।

सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लाडाकाबास में 49 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 1.40० कि.मी. लंबी ढाणी खागावाला से ढाणी सुरली ढाणी हेमाला व अमूल दूग्ध पावर प्लाट होते हुए पावर ग्रेड रोड तक सड़क निर्माण कार्य का स्थानीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि वे विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनका प्रयास समाज के अंतिम पंक्ति में खडे लोगों तक लाभ पहुंचाने का है। वहीं सडक निर्माण कार्य का शिलान्यास से लोगों में हर्ष देखा गया। वही उन्होंने कहा कि नवनिर्मित सडक से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही क्षेत्र के सभी जर्जर सडकों के निर्माण के लिए चरणबद्ध तरीके से वे प्रयास कर रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों के लिए आवागमन के लिए अच्छा मार्ग नहीं होगा तब तक ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ नहीं हो सकती है। ऐसे में अच्छी सडक और कनेक्टिविटी महत्वपूर्ण है।

पशु चिकित्सा अधिकारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

कोटपूतली। पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा एनपीए (नोन प्रेक्टिस अलाउंस) की मांग को लेकर गत 18 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है। पशु चिकित्सकों एवं क्षेत्र की गौशालाओं के पदाधिकारियों ने बुधवार को आर्य समाज, गायत्री परिवार एवं महन्त रामरतन दास महाराज के सानिध्य में ध्यान जी गौशाला चतुर्भुज प्रांगण में सद्बुद्धि यज्ञ किया। यज्ञ गायत्री परिवार के पं. किशन लाल शर्मा व आर्य समाज के मंत्री रमेश कुमार आर्य ने संपन्न करवाया।

■ मांगों को लेकर किया हवन यज्ञ

पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा एनपीए (नोन प्रेक्टिस अलाउंस) की मांग को लेकर की जा रही हड़ताल जारी रही।

रमेश कुमार आर्य ने बताया कि मनुष्य का जीवन पशुओं पर निर्भर करता है और उसमें भी गाय बहुत महत्वपूर्ण है। मनुष्य अपनी बीमारी के निदान हेतु अनेक जगह पर निजी ईलाज भी करवा सकता है लेकिन एक पशुपालक अपने पशु के बीमार होने पर उसको कहीं दूर ले जाने में असमर्थ होता है। क्षेत्र में बहुत बड़ी-बड़ी गौशालाएं हैं जिनमें कई हजारों की संख्या में गायें हैं, उन बीमार गायों को देखने के लिए कोई भी डॉक्टर हड़ताल होने के कारण उपस्थित नहीं होता। इसलिए बहुत ही दयनीय स्थिति बनी हुई है। गौशालाओ में अनुदान एवं भौतिक सत्यापन का कार्य भी नहीं हो पा रहा है तथा सरकार द्वारा चलाई गई कामधेनु पशु बीमा योजना पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, क्योंकि मरने वाले पशु का ना तो पोस्टमार्टम हो पा रहा और ना ही स्वास्थ्य का प्रमाण पत्र बन रहा है। पं. किशन लाल शर्मा ने पशु चिकित्सकों की एनपीए की मांग को सही ठहराते हुए सरकार से मांग की है कि एक पशु चिकित्सक को हर ग्राम, ढाणी में दूर दराज भेजकर उनकी सेवाओं का उपयोग दिन-रात लिया जा रहा है इसलिए सरकार को इन्हें एनपीए भत्ता देकर मांगों को अवश्य पूर्ण करना चाहिए जो की बहुत ही जायज मांग है।

किशोरी मेला का आयोजन

लालसोट। उपखंड मुख्यालय स्थित श्री अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालसोट में सत्र 2023-24 का युसीईईओ स्तर का बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरी मेला का आयोजन किया गया।

किशोरी मेला में लालसोट शहरी क्षेत्र क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । मेला प्रभारी मोहन उपाध्याय ने बताया की किशोरी मेला दो श्रेणियां में आयोजित किया गया प्रारंभिक श्रेणी कक्षा 6 से 8 तक एवं माध्यमिक श्रेणी कक्षा 9 से 12 तक प्रत्येक श्रेणी में तीन-तीन जोन बनाए गए, जिसमें प्रारंभिक श्रेणी का परिणाम जोन प्रथम में प्रथम स्थान मेघा सोनी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लालसोट की छात्रा व जोन सेकंड में पायल महावर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तालेड़ा जमात की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह माध्यमिक श्रेणी के जोन प्रथम में सलोनी महावर महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोहरापाड़ा , जोन द्वितीय में मोनिका मीणा अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालसोट तथा जोन तृतीय में सरस्वती मीणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तालेड़ा जमात ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिनका 29 सितंबर से आयोजित होने वाले ब्लॉक स्तरीय किशोरी मेला में चयन हुआ है।

सार-समाचार

श्री रामलीला मंचन को लेकर किया बल्ली पूजन

कोटपूतली। श्री रामलीला मंचन को लेकर बुधवार सुबह श्री रामलीला मण्डल के तत्वाधान में कस्बे के आजाद चौक स्थित कचहरी परिसर में श्री रामलीला मंच पर बल्ली पूजन किया गया। इस दौरान समाजिक कार्यकर्ता भास्कर शर्मा के मुख्य आतिथ्य में पं. अनिल शास्त्री द्वारा विधि विधान से वेद मंत्रोच्चार कर पूजा अर्चना करते हुए बल्ली पूजन करवाया । इस दौरान संचालन मंडल के डॉ. मोती लाल स्वामी, हजारी लाल राय, मंडल अध्यक्ष एड. कमलेश मीणा, उपाध्यक्ष भौरे लाल गुर्जर, महामंत्री लालचंद सैन, कोषाध्यक्ष पवन कंसल, कुलदीप जोशी, महेन्द्र शर्मा, रतन लाल राय, कैलाश चंद सैन, रमाकांत शर्मा, मनोज शर्मा, गौरव शर्मा, बालकिशन शर्मा, पप्पु पांचाल व रोहिताश सैनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

विशाल भण्डारा आज

कोटपूतली। कस्बे के मौहल्ला बुचाहेड़ा नागाजी की गौर स्थित श्री भोमियां जी मंदिर में भोमियां बाबा का विशाल भण्डारा गुरूवार को आयोजित किया जायेगा। इससे पूर्व बुधवार को हजारों की संख्या में महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान भव्य झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालू डी.जे. की धुन पर नाचते गाते रवाना हुये। कलश यात्रा कस्बे के विभिन्न मुख्य मार्गो से होती हुई पुनः श्री भोमियां जी मंदिर परिसर पहुँचकर विसर्जित हुई। इस दौरान कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मंहत श्री सीताराम दास जी महाराज, लीलाराम सैनी, रामजीलाल सैनी, प्रकाश, राजू, लीलाराम हलवाई, कैलाश सैनी, राकेश सैनी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

हादसे में 4 घायल

श्रीमाधोपुर। कस्बे में अल सुबह एक सड़क हादसे में मारुति कार में सवार तथा बोलेरो के पास खेल रहे बच्चे बाल बाल बच गए अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद से मारुति कार में सवार होकर खाटू श्याम दर्शन के लिए आ रहे दर्शनार्थियों की मारुति कार के चालक को नींद की झपकी आने के बाद गाड़ी की गति तेज होने के साथ ही गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक बोलेरो गाड़ी में जा घुसीभिड़ंत इतनी जबरदस्त थी की मारुति कार के आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया। वहीं बोलेरो गाड़ी का भी आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वही भिडंत इतनी तेज थी कि सड़क से 100 मीटर की दूरी पर जाकर बोलेरो कार की दिशा बदल गई। सड़क हादसे के बाद मारुति कार में सवार फरीदाबाद निवासी चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें होटल संचालक ने अपनी स्वयं की गाडी से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से उनकी स्थिति नाजुक होने पर उन्हें जयपुर रैफर किया गया है। दोनों ही गाड़ियां हरियाणा नंबर की थी। गनीमत यह रही की बोलेरो में सवार सभी सवारिया बोलेरो गाड़ी को सड़क के किनारे खड़ी कर होटल पर चाय पी रहे थे और छोटे-छोटे नन्हे बच्चे बोलेरो गाड़ी के पास ही खेल रहे थे लेकिन गनीमत यह रही थी तेज सरपट दौड़ती हुई आई मारुति कार बोलेरो में ही भिड़ंत होकर रह गई अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। सड़क हादसे की सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। सड़क हादसे में फरीदाबाद निवासी प्रथम अग्रवाल, हेमलता, नितेश तथा पायल गंभीर रूप से घायल हो गए।

विकास कार्यों की सौगात

लालसोट। प्रदेश के चिकित्सा मंत्री व स्थानीय विधायक परसादी लाल मीणा ने बुधवार को लालसोट विधानसभा क्षेत्र के डीडवाना गांव के वासियों को करीब लगभग 8 करोड़ की सौगात दी। इस दौरान मंत्री महोदय ने करीब 13 शिलान्यास एवम उद्घाटन कार्यक्रम किए। इनमे साढे पाच करोड़ की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का उद्घाटन सहित महात्मा गांधी विद्यालय धाकड़ ढाणी व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा कक्षों का उद्घाटन, किसान पथ तूंगा लालसोट से धामाली बैरवा ढाणी सड़क का शिलान्यास, पीएचसी से डूंगरी ढाणी सड़क नवीनीकरण का शिलान्यास, साई मोहल्ले में सामुदायिक भवन का उद्घाटन, साई मोहल्ला, पुराने जोगी मोहल्ला व राउमावि से शास्त्री चौक तक इंटरलॉकिंग सड़कों का शिलान्यास तथा नरसिंह मदिर चारदीवारी शिलान्यास सहित अन्य कई सोगाते शामिल है।

नगर पालिका साधारण सभा की बैठक आयोजित

लालसोट। नगर पालिका की साधारण सभा की बैठक में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा की मौजूदगी में नगर पालिका शहरी क्षेत्र की रिहाईसी कालोनी सहित अन्य जगहों पर हो रहे हैं अवैध बजरी के भंडारण एवं अवैध परिवहन का मुद्दा उठाया गया।

लेकिन पुरा एक हफ्ते से ज्यादा का समय गुजर जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन एवं खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्र में ब्राउन गोल्ड के नाम से मशहूर बजरी के अवैध भंडारण पहले तो रिहायशी क्षेत्र से दूर जंगलों में ही हुआ करते थे। लेकिन पुलिस प्रशासन व खनिज विभाग की मिलीभगत कहे या फिर उनकी इस मामले को लेकर उदासीनता की अब नगर पालिका उपखंड मुख्यालय जैसे पोश एवं रिहायसी पब्लिक से भरे क्षेत्र में भी अवैध बजरी के भंडारण एवं परिवहन जमकर हो रहे हैं। नगर पालिका क्षैत्र के गौरव पथ खटवा रोड़ देवली रोड़ आदि कई जगहों पर अवैध बजरी के भंडारण गैर कानूनी तरीके से किए जाते है। इन अवैध बजरी के भंडारणों एवं अवैध परिवहन को लेकर आलम स्तरीय का है कि दिनभर बजरी से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर को भरने एवं खाली करने के दौरान बजाने वाली कर्कश आवाज एवं वहां पर मौजूद है सामाजिक तत्व जैसे व्यक्तियों का जमावड़ा वहां के स्थानीय निवासियों खासकर महिलाओं के लिए बड़ी मुसीबत का सबब बना हुआ है। अगर देखा जाए तो पिछले तीन सालों में अवैध बजरी माफिया की तादाद बड़ी है एवं ब्राउन गोल्ड के नाम से मशहूर हुई।

शिलान्यास कराने के बाद सड़क का निर्माण कराना भूले

पावटा। राज्य सरकार ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्री इंद्राज गुर्जर की अनुसंशा पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 13 सडकों के लिए 15.53 करोड रुपये की स्वीकृति जारी की है। राज्य सरकार की बजट घोषणा की पालना में विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 3० किलोमीटर लंबी 13 सडके स्वीकृत की है।

जिनमे विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में पावटा से कुनेड 2.5 करोड की की लागत से 2 किमी. लंबी व 3० फुट चौडी सडक का निर्माण कार्य शिलान्यास के दो माह से अधिक समय हो जाने के बाद भी पावटा- कूनेड मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। सडक निर्माण में अधिकारियों व ठेकेदार की मनमानी जनता के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। शिलान्यास के अगले ही दिन ठेकेदार के कारिंदे सडक निर्माण कार्य को लेकर पुरानी सडक खोदकर छोड रखी है, इस कारण आवागमन मे लोगों व वाहन चालकों को परेशानी होती है।शिलान्यास के दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू न होने से ग्रामीणों मे मायूसी है। इस समय पूरा सडक मार्ग क्षतिग्रस्त हाल मे है। वही बारिश मे कई जगह सडक में बने गड्ढों में जलभराव होने से व सडक के खुदा होने के कारण होने वाले कीचड से राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। यहाँ तक कि कई राहगीर व महिलाए इससे गिरकर चोटिल भी हो चुकी है। जनप्रतिनिधियों ने जिस तेजी से मार्ग का शिलान्यास किया था। उससे लगता था कि शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। लेकिन एक माह बाद भी निर्माण कार्य शुरू न होने से जनता के अरमानों पर पानी फिर गया है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सडक निर्माण कार्य मे अधिकारी व ठेकेदार लापरवाही बरत रहे हैं।

इस सडक की नियमित मानिटरिंग नहीं हो रही है। जिस कारण ठेकेदार के कारिंदें सही से काम नहीं कर रहे है। ठेकेदारों की मनमानी के कारण संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। वही ग्रामीणों ने बताया कि पावटा से कूनेड को जोडने के कारण इस सडक मार्ग पर हर समय चहल पहल रहती है।

प्रजापति का स्वागत किया

फुलेरा। राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में श्रीयादे माटी कला बोर्ड का नामकरण किया गया है। जिसमें रिक्त चल रहे उपाध्यक्ष के पद पर पीसीसी सदस्य पप्पू लाल प्रजापति को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि उक्त बोर्ड का नाम पूर्व में शिल्प एवं माटी कला बोर्ड था।

जबकि हाल ही में बोर्ड का नाम कुम्हार समाज की कुलदेवी के नाम को जोड़कर श्रीयादे माटी कला बोर्ड कर दिया गया है। इसके लिए समाज ने सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही उद्योग भवन में आयोजित हुए शपथ ठाहण समारोह के दौरान फुलेरा विधानसभा से प्रजापति समाज के लोगों ने पप्पू लाल प्रजापति को माला, साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन करते हुए बधाई दी।

साथ बोर्ड में मिलने वाली सभी सुविधाएं समाज के लोगों तक पहुंचाने की अपील की। इस मौके पर श्री भन्दे बालाजी विवाह एवं विकास समिति के अध्यक्ष हुक्माराम प्रजापति, किशन लाल रेवड़िया, चिरंजी लाल प्रजापति, मालीराम प्रजापति, नन्दकिशोर खटोड़, सुभाष प्रजापति, कन्हैया लाल प्रजापति, कानाराम प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति, मुकेश प्रजापति सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

पप्पू लाल प्रजापति के उपाध्यक्ष बनने पर स्वागत किया।

उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन

पावटा। राज्य सरकार द्वारा ढाणी नोकडिया चौराहा से बागडाला तक नवनिर्मित एमडीआर सडक स्वीकृत किया गया गया है। जिसमे ग्रामीणों द्वारा आवासीय मकानों को बचाकर 5० फुट चौडी एमडीआर सडक को 3० फुट करने को लेकर पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन सौपते हुए पावटा प्रागपुरा नगरपालिका वाइस चेयरमेन नरपत सिंह सहित ग्रामीणों ने बताया कि ढाणी नोकडिया चौराहा से बागडाला तक रिकॉर्ड मे कोई आम रास्ता भी नही कटा हुआ है।

वही स्वीकृत नवनिर्मित एमडीआर रोड की चौडाई 5० फुट मापी गई है। जबकि आम रास्ते के दोनों तरफ काफी मकान बने हुए है। इस मौके पर राम किशन, गोकुल, रामेश्वर, मक्खन, राजेंद्र, राम सिंह, हनुमान सहाय, नरेश यादव, नवीन सिंह, लालाराम सहित बडी संया मे ग्रामीण मौजूद रहे।

चोरी का खुलासा नहीं

पावटा। क्षेत्र के धार्मिक स्थल सहित कस्बे के व्यापारी की दुकान पर तीन दिन पूर्व हुई चोरी व चोरी के प्रयास के मामले का पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। पावटा कस्बे स्टैंड के पास स्थित पुष्पा कॉप्लेक्स मे एक स्पेयर पार्ट्स की दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाकर करीब 5 लाख रुपए के कॉपर वायर व 50 हजार की नगदी चुराकर फरार हो गए थे।

चोरी की वारदात सामने की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिखाई दे रहा है कि 3 पिकअप सवार चोर दुकान का शटर उखाड रहे हैं और दुकान से सामान चुरा रहे हैं। किसी मकान या दुकान में यदि चोरी हो जाए और वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं हो तो पुलिस का पीडित को एक ही जवाब- यहां सीसीटीवी कैमरे क्यों नहीं हैं? यदि सीसीटीवी कैमरे होते तो हम चोरों तक पहुंच सकते थे। शहर में एक वर्ष मे कई चोरी की वारदातें हो चुकीं हैं। चोरों का चेहरा सीसीटीवी कैमरों में कैद है। फिर भी पुलिस एक भी चोर को नहीं पकड पाई। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए समयङ्क्तसमय पर पुलिस थानों में होने वाली बैठकों में पुलिस अधिकारी व्यापारियों, लोगों को अपने प्रतिष्ठानों व घरों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात कहते हैं। इसके पीछे अधिकारियों का उद्देश्य रहता है कि यदि कहीं इस प्रकार की घटना हो तो सीसीटीवी फुटेज के आधार आरोपी तक शीघ्र पहुंचा जा सकेगा।लोगों का कहना है कि शहर में कई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी सीसीटीवी कैमरों में कैद हैं।

5 जुआरियों से 47000 रूपये बरामद

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक व अति.पुलिस अधीक्षक एवं वृताधिकारी, सदर थाना अधिकारी व डीएसटी टीम ने जुआ-सट्टा धरपकड अभियान के तहत 2 सट्टोरियो व 5 जुआरियों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया है। सदर थाना क्षैत्र के पीली तलाई इलाके में स्थित एक मकान से भारत-आस्ट्रेलिया क्रिकेट मेंच पर सट्टा लगाते दो सट्टोरियो को गिरफ्तार कर, उनके कब्जे 1 लाख 160 रूपये राशि व सट्टा उपकरण, 6 मोबाईल व 17 लाख रूपये हिसाब की रसीद बुक जप्त की गई है। इसी प्रकार जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार कर अलग-अलग प्रकरण दर्ज किये गये है।

जुआ खेलते शोयब पुत्र सच्चा खां उम्र 30 साल निवासी काफला बाजार, भगवानदास पुत्र घासी उम्र 43 साल निवासी मेहन्दवास गेट, अनिल कुमार पुत्र प्रेमचन्द सीन्धी उम्र 42 साल निवासी हाउसिंग बोर्ड, अभिषेक पुत्र भगवानराम उम्र 48 साल निवासी गौसीयो का मोहल्ला टोक, जाहिद पुत्र फकीर मोहम्म्द उम्र 46 साल निवासी मियो का चौक टोंक को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार क्रिकेट मैच पर सट्टा खेलते शोयब पुत्र साहिद उम्र 34 साल निवासी वार्ड न. 21 एवं राजेन्द्र रमेश चन्द महाजन उम्र 45 साल निवासी वार्ड न. 45 पुरानी टोंक को हिरासत में लिया गया है।

मुख्य रोडवेज बस स्टैंड पर बसों के अभाव में स्कूली बच्चों का फूटा आक्रोश

श्रीमाधोपुर। कस्बे के मुख्य रोडवेज बस स्टैंड पर स्कूली बच्चों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने रोडवेज बस अआगार प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

बसों का संचालन बंद करने पर स्कूली विद्यार्थियों का आक्रोश फूटा और उन्होंने मुख्य बस स्टैंड पर विरोध जताकर विरोध रैली के माध्यम से एसडीएम कार्यालय पहुंचकर पुनःबस संचालन करवाने की मांग को लेकर एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ को ज्ञापन सोपा। बसों के अभाव में सवारियां घंटों भर बस डिपो में इंतजार कर रही है।

■ मुख्य बस स्टेंड पर रोडवेज बसों को रोककर जाम लगाया

स्कूली बच्चे भी गाड़ियों के अभाव में बस डिपो पर परेशान हो रहें। जानकारी के अनुसार श्रीमाधोपुर रोडवेज बस स्टैंड कार्यालय पर बसों के अभाव में सवारियां परेशान होकर घंटों इंतजार करने के बाद वापस लौट रही है। कार्यालय अधिकारी जयसिंह मीणा ने बताया कि श्रीमाधोपुर आगार प्रबंधक ने विभिन्न रूटों पर चलने वाली 6 बसों का संचालन बंद कर दिया। जानकारी के अनुसार अगर प्रबंधक अशोक सिंह गुर्जर ने शाहपुरा, जयपुर झुंझुनूं,दादिया तथा कांवट, खण्डेला रूट की 6 बसों का संचालन बंद किया है। गौरतलब है कि पहले श्रीमाधोपुर शाहपुरा रूट पर कुल 8 बसों का संचालन होता था। जो कि बसों का संचालन बाद में 6 हुआ जो कि स्तर गिरते गिरते चार और चार से दो हुआ और वर्तमान में एक हो गया। जिससे समस्या काफी उत्पन्न हो गई।

श्रीमाधोपुर कस्बे के मुख्य रोडवेज बस स्टैंड पर स्कूली बच्चों ने प्रदर्शन किया।

G20 | बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda | अमृत महोत्सव

क्षेत्रीय दबाव ग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, बड़ौदा भवन, द्वितीय तल, 13, एयरपोर्ट प्लाजा, दुर्गापुरा टोंक रोड़, जयपुर-302018, फोन नं.: 0141-2727166, ई-मेल: armjai@bankofbaroda.com

ऋणी को नोटिस

(सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (2) के तहत नोटिस)

स्थान: जयपुर (राज.)
दिनांक: 06.09.2023

1) मैसर्स लक्ष्य इंडस्ट्रीज जरिये प्रोपराईटर श्री नीरज अग्रवाल पुत्र श्री ईश्वर शरण अग्रवाल
i) प्लॉट नं. जे-489 डी, इंडस्ट्रीयल एरिया, झोटवाड़ा विस्तार द्वितीय, सरना डूंगर, जयपुर, राजस्थान
ii) प्लॉट नं. 67 एवं 67ए, इन्द्रापुरी कॉलोनी, ब्रह्मपुरी, जयपुर, राजस्थान
ई-मेल: i) agarwalindustries01@gmail.com
ii) lakshayindustries1@gmail.com
2) श्री नीरज अग्रवाल पुत्र श्री ईश्वर शरण अग्रवाल (प्रोपराईटर)
i) प्लॉट नं. जे-489 डी, इंडस्ट्रीयल एरिया, झोटवाड़ा विस्तार द्वितीय, सरना डूंगर, जयपुर, राजस्थान
ii) प्लॉट नं. 67 एवं 67ए, शिवाजी नगर, इन्द्रापुरी, ब्रह्मपुरी, जयपुर, राजस्थान
ई-मेल: i) agarwalindustries01@gmail.com
ii) lakshayindustries1@gmail.com

प्रिय महोदय,
विषय- वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम 2002) की धारा 13(2) के तहत नोटिस।

1. हमारे पत्र दिनांक 10.08.2017 का संदर्भ ले जिसमें विभिन्न ऋण सुविधाओं की स्वीकृति तथा स्वीकृति की शर्तें सूचित की गयी थी । उपरोक्त स्वीकृति के अनुसार इसके लिये प्रतिभूति उपलब्ध करवाकर, जैसा कि इसके बाद उल्लेख किया गया है, आपने ऋण सुविधायें प्राप्त की और उनका उपयोग प्रारम्भ कर दिया । वर्तमान में विभिन्न ऋण/साख सुविधा खातों में बकाया तथा इन देयताओं के लिये निर्मित रक्षित हित निम्नानुसार है-

सुविधा का स्वरूप व प्रकार	सीमा (लाखों में)	ब्याज की दर	दिनांक 31.08.2023 को बकाया राशि	बैंक के पास प्रभारित प्रतिभूतियों का संक्षिप्त विवरण
नकद साख सीमा 07100500000212 नकद साख सीमा	रू. 550 लाख	मौजूदा आर.बी.ओ.आर (रूपांतरित) + स्प्रेड यानि 1.10% ऑनदेज, बीओबी टिकाऊबिंदुओं के अनुसार फ्लोटर मॉडिल प्रीमियम में परिवर्तन के अध्यधीन। ब्याज दर को वार्षिक आधार पर पुनर्निर्धारित किया जाएगा।	रू. 9,11,89,522.73 साथ ही ब्याज और कानूनी/ अन्य शुल्क/ व्यय दिनांक 01.09.2023 से	1. मैसर्स लक्ष्य इंडस्ट्रीज जरिये प्रोपराईटर श्री नीरज अग्रवाल पुत्र श्री ईश्वर शरण अग्रवाल के नाम साम्यिक बंधक औद्योगिक प्लॉट नं. जे-489 (डी) जो इंडस्ट्रीयल एरिया, झोटवाड़ा विस्तार फेज-द्वितीय, सरना डूंगर, जयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 250 वर्ग मीटर है । सीमाएं- पूर्व: रोड़, पश्चिम: एच-487सी, उत्तर: जे-490ए, दक्षिण: जे-489सी
सावधि ऋण-I 07100600001642	रू. 26.50 लाख	मौजूदा आर.बी.ओ.आर (रूपांतरित) + स्प्रेड यानि 1.10% ऑनदेज, बीओबी टिकाऊबिंदुओं के अनुसार फ्लोटर मॉडिल प्रीमियम में परिवर्तन के अध्यधीन। ब्याज दर को वार्षिक आधार पर पुनर्निर्धारित किया जाएगा।	रू. 31,35,224.39 साथ ही ब्याज और कानूनी/ अन्य शुल्क/ व्यय दिनांक 01.09.2023 से	2. श्री नीरज कुमार अग्रवाल पुत्र श्री ईश्वर शरण अग्रवाल के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 67, ब्रह्मपुरी, इन्द्रपुरी कॉलोनी, जयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 120 वर्ग गज है । सीमाएं- पूर्व: प्लॉट नं. 66, पश्चिम: प्लॉट नं. 67ए, उत्तर: 30 फीट रोड़, दक्षिण: अन्य भूमि/प्लॉट
सावधि ऋण-II 07100600001643	रू. 50.00 लाख	मौजूदा आर.बी.ओ.आर (रूपांतरित) + स्प्रेड यानि 1.10% ऑनदेज, बीओबी टिकाऊबिंदुओं के अनुसार फ्लोटर मॉडिल प्रीमियम में परिवर्तन के अध्यधीन। ब्याज दर को वार्षिक आधार पर पुनर्निर्धारित किया जाएगा।	रू. 75,66,689.38 साथ ही ब्याज और कानूनी/ अन्य शुल्क/ व्यय दिनांक 01.09.2023 से	3. श्री नीरज कुमार अग्रवाल पुत्र श्री ईश्वर शरण अग्रवाल के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 67ए, ब्रह्मपुरी, इन्द्रपुरी कॉलोनी, जयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 120 वर्ग गज है । सीमाएं- पूर्व: प्लॉट नं. 67, पश्चिम: प्लॉट नं. 68, उत्तर: 30 फीट रोड़, दक्षिण: अन्य भूमि/प्लॉट
कुल			रू. 10,18,91,436.50 साथ ही ब्याज और कानूनी/ अन्य शुल्क/ व्यय दिनांक 01.09.2023 से	4. संयंत्र और मशीनरी और फर्म की अन्य अचल संपत्तियों का दृष्टिबंधक के माध्यम से प्रभार। 5. फर्म के नाम पर स्टॉक और बुक डेब्ट्स का दृष्टिबंधक के माध्यम से प्रभार। 6. फर्म के नाम पर अचल सम्पत्तियों पर विस्तार।

*सरफेसी अधिनियम की धारा 13(3) के अनुसरण में बकाया राशि का विवरण

क्र. सं.	खाता नं.	दिनांक 31.03.2019 को बकाया राशि (रूपये में)	ब्याज दिनांक 01.04.2019 से 31.08.2023 तक	दंडात्मक ब्याज दिनांक 01.04.2019 से 31.08.2023 तक	कुल
1	07100500000212 नकद साख सीमा	5,65,96,515/-	2,84,17,905.59/-	61,75,102.14/-	9,11,89,522.73/-
2	सावधि ऋण-I 07100600001642	19,45,868/-	9,77,047.67/-	2,12,308.72/-	31,35,224.39/-
3	सावधि ऋण-II 07100600001643	46,96,244/-	23,58,050.11/-	5,12,395.27/-	75,66,689.38/-
	कुल	6,32,38,627/-	3,17,53,003.37/-	68,99,806.13/-	10,18,91,436.50/-

2. आप द्वारा की गयी चूक के परिणामस्वरूप आपका खाता भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों तथा मार्ग निर्देशों के अनुसार दिनांक 31.03.2019 को गैर निष्पादित आस्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है । हमारे द्वारा बार-बार अनुरोध व मांग करने के बावजूद आपने ब्याज सहित अतिदेय ऋणों का पुनर्भुगतान नहीं किया है ।
3. उपर परिच्छेद में वर्णित विभिन्न प्रतिभूतियों द्वारा विधिवत् रूप से रक्षित साख सुविधाओं के बारें में अपनी देयताओं को चुकाने में आपकी अक्षमता तथा आपके खाते को एनपीए के रूप में वर्गीकृत करने के संबंध में हम आपको एतद्द्वारा (वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनः निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट 2002 की प्रवर्तन की धारा 13 की उप धारा (2) के अधीन) नोटिस देते है तथा मांग करते है कि इस नोटिस की तारीख से 60 दिन के अन्दर उपर परिच्छेद 1 में वर्णित बैंक को आपकी देयता राशि कुल **रू. 10,18,91,436.50/- साथ ही ब्याज और कानूनी/अन्य शुल्क/व्यय 01.09.2023** से भुगतान करें और अपनी देयता पूरी करे । हम आपको यह भी नोटिस देते हैं कि भूगतान की तारीख तक ब्याज सहित उपरोक्त राशि का भुगतान करने में असफल